# University in News on 19 August 2020

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5**

## लविवि : हर शिक्षक की बनेगी एकेडमिक एक्टिविटी रिपोर्ट

माई सिटी रिपोर्टर

**शिक्षकों को पिछले एक साल के उनके काम, ली गई क्लास व प्रकाशित पेपर का देगा होगा ब्योरा**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही अपने यहां फैकल्टी एकेडमिक एक्टिविटी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। इसमें शिक्षकों को पिछले एक साल में उनके किए गए काम, ली गई क्लास, प्रकाशित पेपर और निभाई गई प्रशासनिक जिम्मेदारी का पूरा ब्योरा देना होगा। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या और संसाधन की कमी की जानकारी भी वे लविवि को दे सकेंगे। लविवि प्रशासन इस रिपोर्ट के आधार पर शिक्षकों की समीक्षा करेगा तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें सहयोग भी देगा। यह व्यवस्था शिक्षकों की फैकल्टी एकेडमिक एक्टिविटी रिपोर्ट के आधार पर लागू की जाएगी।

लविवि ने पिछले सप्ताह अपने यहां एकेडमिक ऑडिट की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें सभी विभागाध्यक्षों को उनके यहां संचालित पाठ्यक्रम की स्थिति और विभाग के प्रदर्शन का पूरा ब्योरा देना है। इस ब्योरे में उन्हें विभाग द्वारा प्रकाशित पेपर और पीएचडी आदि के साथ ही पाठ्यक्रम की संख्या, शिक्षकों के पद, कोर्स में सीट संख्या, कमरों की स्थिति जैसे ब्योरे भी देने हैं। इस रिपोर्ट से विवि को नैक की ग्रेडिंग में भी फायदा होगा।

एकेडमिक ऑडिट में शिक्षकों के शोधपत्र का ब्योरा भी होगा, लेकिन उनके काम, पढ़ाई गई कक्षाओं तथा प्रशासनिक जिम्मेदारी की जानकारी नहीं होगी। इसको ध्यान में रखते हुए लविवि ने शिक्षकों की एकेडमिक एक्टिविटी रिपोर्ट भी तैयार करने का फैसला किया है। इसकी तैयारी की जा रही हैं। विभागाध्यक्ष के माध्यम से सभी शिक्षकों को निर्धारित प्रारूप पर इसकी जानकारी देनी होगी।

### *कॉलेजों का भी होगा एकेडमिक ऑडिट*

*एकेडमिक ऑडिट लविवि के विभाग का ही नहीं, बल्कि सभी कॉलेजों का भी होगा। डीन कालेज डेवलपमेंट काउंसिल के माध्यम से सभी कॉलेजों को इसके लिए सूचना देनी है। लविवि के विभागों के मुकाबले कॉलेजों का प्रशासनिक ढांचा अलग है, इसलिए उनके फॉर्म में कुछ अतिरिक्त जानकारी भी हैं, जिनमें उनके द्वारा मान्यता लेते समय दी गई सूचनाएं सत्यापित करके मांगी गई हैं। इस तरह से कालेज के इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षकों की संख्या का सत्यापन भी एकेडमिक ऑडिट के दौरान हो जाएगा।*

> लविवि के सभी विभागों और कॉलेजों का एकेडमी ऑडिट कराया जा रहा है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले विभागों को रोल मॉडल बाकी विभागों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए कहा जाएगा। खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही फैकल्टी एकेडमिक एक्टिविटी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। **-प्रो आलोक कुमार राय,** कुलपति, लविवि

**NBT PAGE 6**

## अब 1 सितंबर को होगी एलयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तारीख फिर बढ़ा दी है। 29 अगस्त को मुहर्रम के कारण अब यह परीक्षा एक सितंबर को होगी।

एलयू में पीएचडी प्रवेश परीक्षा मार्च में प्रस्तावित थी। कार्मस और कला संकायों के लिए 16 और 17 मार्च को यह परीक्षा हुई थी, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला संकायों की परीक्षाएं नहीं हो सकी थीं। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने वताया कि विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला संकाय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सिर्फ लखनऊ के केंद्रों पर होगी। इसके लिए आवेदकों 19 अगस्त से प्रवेश पत्र फिर से डाउनलोड करने होंगे।

**टल सकते हैं फाइनल के कई पेपर :** परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने वताया कि फाइनल इयर की 13 और 20 सितंबर को होने वाली परीक्षा की तारीखों में भी फेरबदल हो सकता है। जदरअसल, 13 सितंबर को नीट और 20 सितंबर को यूपीएसईई परीक्षा होगी। इस कारण इन दोनों तारीखों में प्रस्तावित पेपर के लिए दूसरा शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### लविवि : 29 अगस्त को होनी थी परीक्षा, बदला कार्यक्रम

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा अब एक सितंबर को

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की 29 अगस्त को होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा मुहर्रम के चलते रद्द कर दी गई है। अब यह परीक्षा एक सितंबर को आयोजित की जाएगी। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर बताया कि अभ्यर्थी 19 अगस्त से अपना नया प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने साफ किया है कि परीक्षा केवल बचे हुए परीक्षार्थियों के लिए ही है। लविवि ने पीएचडी की 492 सीट पर आवेदन मांगे थे, जिनके लिए 5,260 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। दाखिले 100 नंबर की प्रवेश परीक्षा के आधार पर होने हैं। इसमें से 70 अंक लिखित परीक्षा तथा 30 नंबर साक्षात्कार के आधार पर दिए जाएंगे। वाणिज्य और कला संकायों की प्रवेश परीक्षा 16 और 17 मार्च को आयोजित हो चुकी है। विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला संकायों की परीक्षा का आयोजन नहीं हो सका था। इनकी परीक्षा एक सितंबर को होना तय हुआ है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव कद अनुसार किसी प्रकार की समस्या होने पर अभ्यर्थी 0522-4150500 और 9415583922 पर फोन करके समाधान प्राप्त कर सकते हैं।



### लखनऊ विश्वविद्यालय में अतिथि प्रवक्ता के लिए वॉक इन इंटरव्यू 24 से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों में 140 पदों पर अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जा रही है। इन पदों की सूचना लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर इन पदों पर भर्ती की जा रही है। लविवि ने विभागाध्यक्षों की मांग के आधार पर विभिन्न विभाग में जरूरत के हिसाब से पद जारी किए हैं। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक विभिन्न विभागों में संचालित पाठ्यक्रमों में विभागीय स्तर पर जरूरत के हिसाब से अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जाती थी। इस बार लविवि ने केंद्रीकृत स्तर पर अतिथि प्रवक्ताओं की भर्ती का फैसला किया है। इसके लिये विभागों से पद की जरूरत तथा जरूरी योग्यता का ब्योरा मांगा गया था। विभागवार वॉक इन इंटरव्यू की तारीख भी विवि की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। इनके आधार पर उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए आ सकते हैं।

**i-NEXT PAGE 4**

## पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम अब एक को

### 29 को मोहर्रम के कारण एलयू प्रशासन ने बदली तारीख

**LUCKNOW (18 Aug) :** एलयू ने सत्र 2019-20 के पीएचडी में प्रवेश परीक्षा की तारीख में एक बार फिर बदलाव किया है. एलयू ने पहले 29 अगस्त को परीक्षा कराने का निर्णय लिया था, मगर 29 अगस्त को मोहर्रम होने के कारण तारीख में बदलाव करते हुए एक सितंबर को परीक्षा कराने का निर्णय लिया है. एलयू प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला के चार संकायों की रह गई प्रवेश परीक्षा अब एक सितंबर को होगी. परीक्षाएं लखनऊ के केंद्रों पर होंगी. आवेदकों को 19 अगस्त से प्रवेश पत्र फिर से डाउनलोड करना होगा. प्रवेश पत्र पर समय और परीक्षा केंद्र रहेगा. अभ्यर्थियों को कोविड के दौरान सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करना होगा.

### 20 अगस्त तक अपलोड करें दस्तावेज

प्रवक्ता के मुताबिक यूजी और यूजी मैनेजमेंट प्रोग्राम के लिए प्रवेश कक्षा 12 की परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर लिए जाएंगे. यूजी और यूजी प्रबंधन कार्यक्रमों में अंतिम तिथि और दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है. वहीं पीजी, बीपीएड, एमपीएड और एमएड कार्यक्रमों में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त है. 26 डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है.

**परीक्षाएं लखनऊ में होंगी. आवेदकों को 19 अगस्त से प्रवेश पत्र फिर से डाउनलोड करना होगा.**

### इसलिए नहीं हो सकी परीक्षा

मार्च 2020 में होने वाली प्रवेश परीक्षा कोरोना के हुए लॉकडाउन के कारण नहीं हो सकी थी. वाणिज्य और कला संकायों के लिए प्रवेश परीक्षा बीती 16 और 17 मार्च को आयोजित की गई थी, मगर उस समय विज्ञान संकाय की 18 मार्च को निर्धारित प्रवेश परीक्षा और 19 मार्च को निर्धारित विधि, शिक्षा और ललित कला संकायों की परीक्षा भी आयोजित नहीं हो सकी थी.

**DAINIK JAGRAN PAGE 4**

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा एक को

### 29 को मोहर्रम के कारण लविवि प्रशासन ने बदली तारीख



- लॉकडाउन के चलते नहीं हो पा रही सत्र 2019-20 की परीक्षा
- प्रवेश परीक्षाएं केवल लखनऊ के केंद्रों पर की जाएंगी आयोजित
- प्रवेश पत्र पर समय और परीक्षा केंद्र रहेगा अंकित

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2019-20 के पीएचडी में प्रवेश परीक्षा की तारीख में एक बार फिर बदलाव किया है। लविवि ने पहले 29 अगस्त को परीक्षा कराने का निर्णय लिया था, मगर 29 अगस्त को मोहर्रम होने के कारण विवि प्रशासन ने तारीख में बदलाव करते हुए एक सितंबर को परीक्षा कराए जाने का निर्णय लिया है।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला के चार संकायों की रह गई प्रवेश परीक्षा अब एक सितंबर को आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षाएं केवल लखनऊ के केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। आवेदकों को 19 अगस्त, 2020 से अपने प्रवेश पत्र फिर से डाउनलोड करना होगा। प्रवेश पत्र पर समय और परीक्षा केंद्र रहेगा। डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों को कोविड महामारी के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का आवश्यक रूप से पालन करना होगा। बता दें, मार्च 2020 में होने वाली प्रवेश परीक्षा कोरोना के हुए लॉकडाउन के कारण नहीं हो सकी थी। वाणिज्य और कला संकायों के लिए प्रवेश परीक्षा बीती 16 और 17 मार्च को आयोजित की गई थी, मगर उस समय विज्ञान संकाय की 18 मार्च को निर्धारित प्रवेश परीक्षा और 19 मार्च को निर्धारित विधि, शिक्षा और ललित कला संकायों की परीक्षा भी आयोजित नहीं हो सकी थी।

### कालीचरण पीजी कॉलेज में दाखिले 26 तक

कालीचरण पीजी कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि 26 अगस्त कर दी गई है। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म कॉलेज के काउंटर नंबर पांच से और ऑनलाइन फॉर्म महाविद्यालय की वेबसाइट www.kcgpclko.in के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**HINDUSTAN PAGE 6**


## पीएचडी प्रवेश परीक्षा 1 सितम्बर को

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2019-20 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तारीख में बदलाव कर दिया है। अब एक सितंबर को परीक्षा कराए जाने का निर्णय लिया है। 29 अगस्त को मुहर्रम की वजह से यह बदलाव किया गया है।

बता दें, यह परीक्षा मार्च में होनी थी, लेकिन लॉकडाउन की वजह से नहीं हो पाई थी।

विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला के चार संकायों की रह गयी प्रवेश परीक्षा केवल लखनऊ के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आवेदकों को 19 अगस्त, 2020 से अपना प्रवेश पत्र फिर से डाउनलोड करना होगा। साथ ही अभ्यर्थियों को कोविड महामारी के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।



### टल सकती है 13 और 20 की परीक्षा

13 सितंबर और 20 सितंबर को प्रस्तावित अन्तिम वर्ष की परीक्षा भी टल सकती हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि 13 सितंबर को नीट की परीक्षा और 20 सितंबर को एकेटीयू की यूपीएसईई की परीक्षा होनी है। इसको देखते हुए इन दोनों दिनों में होने वाली परीक्षा के संबंध में नया कार्यक्रम जारी किया जाएगा। जिससे छात्र-छात्राओं को कोई समस्या न हो।

**PIONEER PAGE 4**

## लविवि में गेस्ट फैकेल्टी का साक्षात्कार 24 से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 15 विभागों में विषय विशेषज्ञों व अतिथि प्रवक्ताओं अथवा गेस्ट फैकेल्टी के पदों के साक्षात्कार 24 अगस्त से शुरू होंगे। साक्षात्कार के लिए चयन समिति गठित की गई है जो साक्षात्कार के बाद पदों के अनुमोदन के लिए कुलपति के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। साक्षात्कार चार संकायों के 15 विभागों में 138 पदों के लिए होंगे। साक्षात्कार को लेकर विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**AMRIT VICHAR PAGE 2**

## अब एक सितंबर को होगी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2019-20 के पीएचडी में प्रवेश परीक्षा की तिथि में परिवर्तन कर दिया है।

विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अब एक सितंबर को परीक्षा आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 29.अगस्त तिथि निर्धारित की गयी थी, लेकिन मोहर्रम की छुट्टी होने के चलते तिथि में विद्यालय के कुल सचिव विनोद कुमार सिंह की ओर से परिवर्तन किया गया। है। प्रवक्ता ने बताया कि विज्ञान, विधि, शिक्षा और ललित कला के चार संकायों की रह गयी प्रवेश परीक्षा अब एक सितंबर को आयोजित की जाएगी।

प्रवेश परीक्षाएं केवल लखनऊ के केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। आवेदकों को 19 अगस्त, 2020 से अपने प्रवेश पत्र फिर से डाउनलोड करना होगा। प्रवेश पत्र पर समय और परीक्षा केंद्र रहेगा।

**THE PIONEER PAGE 4**

## PHD ENTRANCE EXAMS RESCHEDULED

Lucknow PhD entrance exams, which were to be held on August 29, have been rescheduled owing to Moharram holiday on the same day. LU spokesperson said the exams would now be held on September 1. PhD admission tests of four faculties — Science, Law, Education and Fine Arts — have been rescheduled. The exams could not be completed due to Covid-19 lockdown in March. The entrance tests for faculties of Commerce and Arts were held on March 16 and 17 respectively but that of Faculty of Science, scheduled on March 18, as well as that of Faculties of Law, Education and Fine Arts, scheduled on March 19, could not be held.